# नृविज्ञान (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# ANTHROPOLOGY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में टिप्पणी लिखिए :

Write notes on the following in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* संस्कृति की विशेषताएँ

Attributes of culture

*(b)* हड़प्पाकालीन समुद्री व्यापार

Harappan maritime trade

*(c)* परिहार एवं परिहास संबंधों पर समालोचनात्मक दृष्टिकोण

Critical perspective on avoidance and joking relationship

*(d)* घातक और उपघातक जीन

Lethal and sublethal genes

*(e)* स्वास्थ्य और बीमारी में हीमोग्लोबिन

Hemoglobin in health and disease

**2.** *(a)* शास्त्रीय विकासवाद के आलोचनात्मक विकास के रूप में ऐतिहासिक विशिष्टतावाद पर चर्चा कीजिए।

Discuss historical particularism as a critical development to the classical evolutionism. 20

*(b)* मेहरगढ़ के विशेष संदर्भ में खाद्य उत्पादन और पशुओं को पालतू बनाने के साक्ष्यों का वर्णन कीजिए। इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

Describe the evidences of food production and domestication of animals with special reference to Mehrgarh. Throw light on its significance. 15

*(c)* जीवन-शैली से जुड़ी बीमारियों और मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव पर आलोचनात्मक टिप्पणी कीजिए।

Critically comment on the lifestyle diseases and their impact on human health. 15

**3.** *(a)* गुणसूत्री-रचना से आपका क्या तात्पर्य है? इसका विश्लेषण मनुष्य में गुणसूत्र विपथन के निदान में किस प्रकार सहायता करता है?

What is meant by karyotype? How does its analysis help in diagnosis of the chromosomal aberrations in man? 20

*(b)* शहरीकरण को परिभाषित कीजिए तथा भारत में परिवार पर इसके प्रभाव की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

Define urbanization and discuss its impact on family in India with examples. 15

*(c)* मानवशास्त्रीय अनुसंधान में क्षेत्रीय कार्य-पद्धति में समकालीन चुनौतियों की विवेचना कीजिए।

Discuss the contemporary challenges in fieldwork method in anthropological research. 15

4. *(a)* रुथ बेनेडिक्ट द्वारा देखी गई अमरीका की दक्षिण-पश्चिम की संस्कृतियों में मनोवैज्ञानिक प्रकारों की विशेषताओं पर समालोचनात्मक चर्चा कीजिए।

Critically discuss the characteristics of the psychological types in the cultures of the American South-West as observed by Ruth Benedict. 20

*(b)* उपयुक्त उदाहरणों के साथ भारतीय पुरापाषाणिक संस्कृतियों की एश्यूलियन और ओल्डोवन परंपराओं की चर्चा कीजिए।

Discuss the Acheulian and Oldowan traditions of Indian Paleolithic cultures with suitable illustrations. 15

*(c)* आनुवंशिक परामर्श क्या है? इसमें सम्मिलित विभिन्न चरणों की संक्षेप में चर्चा कीजिए।

What is genetic counselling? Briefly discuss various steps involved in it. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में टिप्पणी लिखिए :

Write notes on the following in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* कालानुक्रमिक आयु-निर्धारण

Chronometric dating

*(b)* कूला की सांस्कृतिक प्रासंगिकता

Cultural relevance of the Kula

*(c)* वंशागतित्व और इसका अनुमान

Heritability and its estimation

*(d)* राजनीतिक संगठन के प्राधिकार और स्वरूप

Authority and forms of political organization

*(e)* मनुष्य में एकल-जीन उत्परिवर्तन विकार

Single-gene mutation disorders in man

6. *(a)* *होमो इरेक्टस* के भौगोलिक वितरण की विवेचना कीजिए। इसकी भौतिक विशेषताओं के दृष्टिगत, मानव विकासक्रम रेखा में इसका उपयुक्त स्थान कहाँ होगा?

Discuss the geographical distribution of *Homo erectus*. Taking into account its physical features, where does it fit in human evolutionary line? 20

*(b)* उपयुक्त उदाहरणों के साथ फोरेंसिक मानव-विज्ञान के अनुप्रयोगों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the applications of forensic anthropology with suitable examples. 15

*(c)* लेवी-स्ट्रॉस सिम्शी आस्दीवाल मिथक को कैसे देखते हैं? मिथकों के अध्ययन की रोशनी में लेवी-स्ट्रॉस के संरचनावाद के सिद्धान्त की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।

How does Lévi-Strauss look at the Tsimshian myth of Asdiwal? Critically discuss Lévi-Strauss' theory of structuralism in the light of his study of mythologies. 15

7. *(a)* ज़ाक् डेरीडा के उत्तर-आधुनिकतावादी कार्यों के आलोक में 'विखंडन' की धारणा की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

Critically explain the notion of 'deconstruction' in the light of the postmodern works of Jacques Derrida. 20

*(b)* बहुघटकीय विशेषक क्या है? अपने उत्तर को उपयुक्त मानवीय उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए।

What is a multifactorial trait? Illustrate your answer with suitable human examples. 15

*(c)* अध्ययन समूह के चुनाव में विभिन्न प्रतिचयन तकनीकों की प्रयोज्यता की विवेचना कीजिए।

Discuss the applicability of various sampling techniques in selecting the study group. 15

8. *(a)* सामाजिक असमानता की निरन्तरता के आधार स्वरूप सामाजिक स्तरीकरण की अवधारणा का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Examine critically the concept of social stratification as a basis for sustaining social inequality. 20

*(b)* मनुष्य में ABO और Rh रक्त समूहों के आनुवंशिकी और वंशानुक्रम विन्यासों का वर्णन कीजिए।

Describe the genetics and inheritance patterns of the ABO and Rh blood groups in man. 15

*(c)* मानव विकास में जैविक और सांस्कृतिक कारकों के सहक्रियात्मक प्रभाव की आलोचनात्मक चर्चा कीजिए।

Critically discuss the synergistic effect of biological and cultural factors in human evolution. 15

★★★